**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 530**
**06 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**स्मार्ट सिटी मिशन**

530. **श्री चमाला किरण कुमार रेड्डीः**
**श्रीमती डी. के. अरुणाः**
**श्री इटेला राजेंदरः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) ने अपने नागरिकों को प्रमुख अवसंरचना, जीवन की सभ्य गुणवत्ता, स्वच्छ और संपोषणीय वातावरण और स्मार्ट समाधानों का अनुप्रयोग प्रदान कर शहरों को बढ़ावा देने के अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया है और यदि हां, तो एससीएम के अंतर्गत पूरी की गई कुल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त मिशन ने नई शहरी पहलों के प्रलेखन और अनुसंधान के लिए शिक्षाविदों और सरकार को एक साथ लाने के लिए वर्ष 2022 में सार (स्मार्ट सिटीज एंड एकेडेमिया टुवर्ड्स एक्शन एंड रिसर्च) नामक एक मंच शुरू किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत के उनतीस प्रमुख संस्थानों ने ये पचास प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किए हैं, जिनमें छह भारतीय प्रबंधन संस्थान, आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तीन योजना तथा वास्तुकला विद्यालय और 12 विशेषीकृत अनुसंधान संस्थान शामिल हैं; और

(घ) यदि हां,तो आज की तिथि के अनुसार तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है और कितनी निधि स्वीकृत और उपयोग की गई है तथा क्या लक्ष्य निर्धारित /प्राप्त किए गए हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत, 100 शहरों का चयन किया गया है। 100 स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 20.01.2025 तक, एससीएम के तहत 1,64,368 करोड़ रूपये की लागत वाली 8,058 परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी किए

गए हैं, जिनमें से 1,50,017 करोड़ रूपये की लागत वाली 7,480 परियोजनाएँ (यानी कुल परियोजनाओं का 93%) पूरी हो चुकी हैं।

(ख) मिशन ने 2022 में एक प्लेटफार्म शुरू किया, जिसका नाम 'एसएएआर' (स्मार्ट सिटीज एंड एकेडमिया टूवर्ड्स एक्शन एंड रिसर्च) कार्यक्रम है, जो आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय , राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान (एनआईयूए) और देश के अग्रणी भारतीय शैक्षणिक संस्थानों की एक संयुक्त पहल है, इसने नए शहरी पहलों के दस्तावेजीकरण और अनुसंधान के लिए शिक्षा जगत और सरकार के बीच एक सेतु बनाने का कार्य किया है। देश की सर्वोत्तम प्रथाओं और प्राप्त की गई वास्तविक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 91 शहरी परियोजनाएं/गतिविधियां शुरू की गई थी, जिन्हें प्रकाशित किया जा चुका है।

(ग) इसके अलावा, एसएएआर पहल के तहत, एससीएम ने भारत के 29 प्रमुख संस्थानों के साथ " समीक्षा श्रृंखला" के रूप में 50 प्रभाव आकलन अनुसंधान अध्ययन शुरू किए हैं।

(घ) आंध्र प्रदेश में एससीएम के तहत चुने गए 4 शहर *अर्थात* अमरावती, काकीनाडा, तिरुपति और विशाखापत्तनम अपनी निधियों के उपयोग द्वारा 1,984 करोड़ रूपये का दावा करने में सफल रहे हैं। इन 4 स्मार्ट सिटीज की भौतिक और वित्तीय प्रगति का विवरण अनुलग्नक में है।

2 शहर *अर्थात्* करीमनगर और ग्रेटर वारंगल अपनी निधियों के उपयोग द्वारा 749 करोड़ रूपये का दावा करने में सफल रहे हैं। इन 2 स्मार्ट सिटीज की भौतिक और वित्तीय प्रगति का विवरण अनुलग्नक में है।

*****

**अनुलग्नक**

**स्मार्ट** सिटीज **मिशन के संबंध में दिनांक 06.02.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 530 के भाग (घ) का उत्तर**

**आंध्र प्रदेश राज्य में स्मार्ट सिटीज के अंतर्गत परियोजनाओं की शहर-वार भौतिक और वित्तीय प्रगति**

(राशि करोड़ रुपये में)

| राज्य/शहर | केंद्रीय निधि स्वीकृत | स्मार्ट सिटीज द्वारा केन्द्रीय निधि का दावा | स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराए गए उपयोग प्रमाण पत्र | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | चालू परियोजनाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | राशि |
| अमरावती | 500 | 488 | 488 | 19 | 903 | 14 | 746 | 5 | 157 |
| काकीनाडा | 500 | 490 | 485 | 92 | 1,908 | 80 | 1,731 | 12 | 177 |
| तिरुपति | 500 | 392 | 388 | 104 | 2,083 | 79 | 1,611 | 25 | 472 |
| विशाखापत्तनम | 500 | 490 | 479 | 65 | 1,695 | 62 | 1,574 | 3 | 122 |
| **आंध्र प्रदेश** | **2,000** | **1,860** | **1,840** | **280** | **6,589** | **235** | **5,662** | **45** | **928** |

20 जनवरी 2025 तक आंध्र प्रदेश राज्य में स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार

**तेलंगाना राज्य में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत परियोजनाओं की शहर-वार भौतिक और वित्तीय प्रगति**

(राशि करोड़ रुपये में)

| राज्य/शहर | केंद्रीय निधि स्वीकृत | स्मार्ट सिटीज द्वारा केन्द्रीय निधि का दावा | स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराए गए उपयोग प्रमाण पत्र | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | चालू परियोजनाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | परियोजनाएं | राशि | परियोजनाएं | | | |
| ग्रेटर वारंगल | 500 | 320 | 320 | 119 | 1,800 | 68 | 1,357 | 51 | 444 |
| करीमनगर | 500 | 429 | 382 | 50 | 1,117 | 36 | 884 | 14 | 233 |
| **तेलंगाना** | **1,000** | **749** | **702** | **169** | **2,918** | **104** | **2,241** | **65** | **677** |

20 जनवरी 2025 तक तेलंगाना राज्य में स्मार्ट सिटीज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार

*****